पत्र संख्या—आई0टी0—Registration /2019—20/2987/1920092/ वाणिज्य कर
कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(आई0टी0 अनुभाग)
लखनऊ:: दिनांक:: 03 मार्च ,2020

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

आप अवगत हैं कि GST व्यवस्था में पंजीकृत व्यापारियों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन आवेदन के समय व्यापार की वस्तुओं अथवा सेवाओं में से अधिकतम 5 वस्तुओं एवं सेवाओं के क्रमशः HSN व SAC कोड अंकित किये गये हैं। पंजीयन के समय व्यापारी द्वारा सीमित वस्तुओं अथवा सेवाओं की सूचना प्रदान करने के कारण फर्म द्वारा प्रमुख रूप से किस वस्तु का व्यापार किया जा रहा है तथा वह फर्म मुख्यतः किस व्यापारिक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है इसका निर्णय ऑनलाइन उपलब्ध डाटा के आधार पर सही ज्ञात नहीं हो रहा है।

उक्त विवरण के अभाव में वस्तु एवं सेवावार आई0टी0सी0 व कर संग्रहण विवरण, विभिन्न वस्तुओं, सेवाओं व सम्बंधित व्यापारिक क्षेत्रों द्वारा प्रदेश से आयात अथवा निर्यात से सम्बंधित सूचना उपलब्ध नहीं हो पाती है तथा जी0एस0टी0 काउंसिल में उठाये गये महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर राज्य का मत प्रस्तुत करने के लिये उपयुक्त डाटा भी उपलब्ध नहीं हो पाता है।

अतः GSTN द्वारा Boweb Module में समस्त कर निर्धारण अधिकारियों के लॉगिन पर Predominant Business Sector तथा Predominant Nature of Business के अंकन की व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी थी जिसमें प्रत्येक फर्म के समक्ष कर निर्धारण अधिकारी उपयुक्त व्यापारिक क्षेत्र व प्रमुख व्यापारिक वस्तुओं का चयन कर सकते हैं। GSTN द्वारा इससे सम्बंधित रिपोर्ट भी अधिकारियों के डैशबोर्ड पर उपलब्ध Compliance and Data Analysis Section के अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी है। दिनांक 02.03.2020 को उपलब्ध रिपोर्ट के आधार पर Predominant Business Sector में कुल 12,198 व्यापारी तथा Predominant Nature of Business में कुल 12,198 व्यापारियों का विवरण अपडेट किया गया है। GST व्यवस्था में राज्य के अधिक्षेत्र में 8,84,178 व्यापारी हैं जिनमें से 8,75,441 व्यापारियों का विवरण अपडेट किया जाना शेष है। (सूची संलग्न)

अतः निर्देश दिये जाते हैं कि उक्त विवरण को प्रत्येक दशा में 15.04.2020 तक अपडेट कराना सुनिश्चित करें, जिससे समस्त व्यापारियों का प्रमुख वस्तुओं/सेवाओं तथा व्यापारिक क्षेत्र से सम्बंधित डाटा उपलब्ध हो सके।

अतः उक्त निर्देश से अपने अधीनस्थ अधिकारियों को अवगत कराते हुए निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक—उपरोक्तानुसार।

(अमृता सोनी)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

ZONE WISE LIST

S. No.	Zone/Range/Sector	No. of Taxpayers	Predominant Business Sector (Updated)	Predominant Business Sector (Not Updated)	Predominant Nature of Business (Updated)	Predominant Nature of Business (Not Updated)
1	Agra	38894	1	38,893	1	38,893
2	Aligarh	53303	2	53,301	2	53,301
3	Allahabad	62844	30	62,814	30	62,814
4	Bareilly	40,525	7,479	33,046	7,479	33,046
5	Etawah	39320	4	39,316	4	39,316
6	Faizabad	43120	41	39,279	41	39,279
7	Gautambudha Nagar	39,216	15	43,105	15	43,105
8	Ghaziabad I	29888	55	39,161	55	39,161
9	Ghaziabad II	66810	6	29,882	6	29,882
10	Gorakhpur	34613	196	66,614	196	66,614
11	Jhansi	29,449	1	34,612	1	34,612
12	Kanpur I	31319	977	28,472	977	28,472
13	Kanpur II	47916	416	30,903	416	30,903
14	Lucknow I	47940	30	47,886	30	47,886
15	Lucknow II	33,332	25	47,915	25	47,915
16	Meerut	55521	235	33,097	235	33,097
17	Moradabad	44665	713	54,808	713	54,808
18	Saharanpur	35859	1,754	42,911	1,754	42,911
19	Varanasi I	41,324	142	41,182	142	41,182
20	Varanasi II	68320	76	68,244	76	68,244
Total		884178	12,198	8,75,441	12,198	8,75,441